<u>समाचार</u>

<u>स्वच्छता ही सेवा अभियान</u>

# मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर में महापौर एवं आयुक्त ने दी स्वच्छता की सेवा, किया साफ–सफाई का कार्य



कोरबा 19 सितम्बर 2025 – स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर में स्वच्छता की सेवा देते हुए घंटों तक साफ–सफाई का कार्य किया, सम्पूर्ण परिसर में झाड़ू लगाई, कचरा उठाया एवं पानी से परिसर की धुलाई कर परिसर को स्वच्छ किया, वहीं काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी मंदिर परिसर की साफ–सफाई में अपनी सहभागिता दी।

यहॉ उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक '' स्वच्छता ही सेवा अभियान –2025 '' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान संचालित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अभियान में भाग लेते हुए मंदिर परिसर की वृहद रूप से साफ–सफाई का कार्य किया, इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता देने आये नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी साफ–सफाई का कार्य किया व स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर

पर पार्षद रामाधार पटेल एवं ईश्वर पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर सुनील टांडे, पूर्व पार्षद दीपक यादव, उप अभियंता प्रमोद जगत, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, गिरवर विश्वकर्मा, उत्तम दास, सतानंद द्विवेदी, पुखराज यादव आदि उपस्थित थे।

**सर्वमंगला मंदिर परिसर बना प्लास्टिक फ्री जोन** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की महत्वपूर्ण पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाया गया है, अब वहॉ पर स्थित दुकानों में प्लास्टिक कैरीबैग्स व डिस्पोजल आदि का उपयोग नहीं होगा, दुकानदार प्रसाद सामग्री कपड़ें के थैलों में रखकर श्रद्धालुओं को नारियल व पूजा सामग्री का विक्रय करेंगे, इस हेतु निगम की स्वच्छता दीदियों द्वारा निर्मित मॉ सर्वमंगला का स्टीकर प्रिंट किए हुए थैले दुकानदारों को उपलब्ध कराया जाएगा या दुकानदार चाहें तो खुद भी उक्त थैले बनवाकर उनका उपयोग कर सकते हैं।

**महापौर ने की अपील–परिसर में न करें प्लास्टिक थैलों का उपयोग** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मंदिर परिसर स्थित प्रसाद विक्रेताओं, दुकानदारों के साथ नुक्कड़ बैठक की तथा मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाए जाने की जानकारी उन्हें दी, निगम की इस पहल का प्रसाद विक्रेताओं व दुकानदारों ने भी स्वागत किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग बिलकुल न करें तथा परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाए रखने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर निगम द्वारा स्वच्छता दीदियों द्वारा बनाए गए मॉ सर्वमंगला का स्टीकर लगे कपड़े के थैले दुकानदारों को उपलब्ध भी कराए गए।

**प्लास्टिक का उपयोग स्वच्छता, स्वास्थ व पर्यावरण के लिए घातक है** – इस मौके पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग व डिस्पोजल आदि का उपयोग करना एक ओर जहॉ स्वास्थ के लिए अत्यंत हानिकारक है, वहीं साफ–सफाई व पर्यावरण के लिए भी घातक है। उन्होने प्रसाद विक्रेताओं, दुकानदारों को समझाईश देते हुए कहा कि निगम द्वारा मॉ सर्वमंगला मंदिर के इस पवित्र परिसर को प्लास्टिक फी जोन बनाया गया है तथा सम्पूर्ण परिसर में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है, अतः व्यवसायीगण इसमें अपना सहयोग दें तथा प्लास्टिक कैरीबैग आदि का उपयोग अपनी दुकानों में कदापि न करें, उन्होने कहा कि निगम की स्वच्छता दीदियॉ कपड़े के थैले बनाकर आपको उपलब्ध कराएंगी, साथ ही यदि आप चाहें तो खुद ही कपड़े के थैले बनवा सकते हैं तथा उनका उपयोग अपनी दुकानों में कर सकते हैं।